भारत सरकार

जल शक्ति मंत्रालय

जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2458

जिसका उत्तर 13 मार्च, 2025 को दिया जाना है।

.....

स्वच्छ नदियों से संबंधित स्मार्ट प्रयोगशाला (एसएलसीआर)

2458. श्री कृपानाथ मल्लाहः

क्या **जल शक्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या भारत और डेनमार्क के बीच हरित रणनीतिक साझेदारी के तहत वाराणसी में स्वच्छ नदियों से संबंधित स्मार्ट प्रयोगशाला (एसएलसीआर) की स्थापना का उद्देश्य नदी पुनरुद्धार और प्रबंधन को बढ़ाना है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ख) क्या एसएलसीआर वरुणा नदी के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करने के लिए विशिष्ट टिकाऊ पहल को अपनाता है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

जल शक्ति राज्य मंत्री **श्री राज भूषण चौधरी**

(क) और (ख): स्वच्छ नदी के लिए स्मार्ट प्रयोगशाला (एसएलसीआर) की स्थापना भारत और डेनमार्क के बीच हरित रणनीतिक साझेदारी के तहत की गई है, ताकि स्वच्छ नदी जल क्षेत्र में मौजूद चुनौतियों पर एक वैश्विक समाधान हासिल किया जा सके, लिविंग लैब दृष्टिकोण के माध्यम से वास्तविक वातावरण की दृष्टि से उपयुक्त सहयोगात्मक अनुसंधान और विकास का संचालन किया जा सके और स्वच्छ नदी जल प्राप्त करने के लिए ज्ञान साझा करने और उसके सह-सृजन के लिए सरकारी अधिकारियों, शैक्षणिक संस्थानों और प्रौद्योगिकी प्रदाताओं के बीच एक मंच सृजित किया जा सके।

*****